प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
देहरादून।

संख्या–756 /तेरह–आ0प्र0/गौमुख/सर्वे0/2020–21 दिनांक–24 अगस्त, 2024

**विषय–** **मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित जनहित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या 06/XVIII-B-1/2024-11(18)/2017 दिनांक 12.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–34 -W/XVIII-B-1/2023-11(18)/2017 दिनांक 16.05.2023 के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य में सनवाई दिनांक 28.07.2022 के माध्यम से प्रकरण को डिस्पॉज ऑफ किया गया है कि तथा पारित आदेश के प्रस्तर–05 एवं 06 का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त याचिका में पारित आदेशों का जनपद स्तर से अनुपालन किया जाता है, प्रश्नगत क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के समय–समय पर वन विभाग के दल से सर्वेक्षण करवाया जाता है। उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र संख्या 253/1–13 कोटबंगला दिनांक 24.08.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 18.07.2024 को एक टीम द्वारा भोजवासा–गौमुख भ्रमण किया गया। **टीम द्वारा अवगत कराया गया है कि भ्रमण के दौरान गौमुख क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं है। नदी अपने पुराने बहाव में बह रही है तथा नदी के बहाव में किसी प्रकार का कोई परिर्वतन नहीं है, ना ही किसी प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र में पायी गयी है।**

अतः उक्त निरीक्षण आख्या संलग्न कर सादर प्रेषित है।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि।
Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 253/1-13 कोटबंगला, दिनांक 24/08/2024

सेवा में,

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

विषय :– **गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के सम्बन्ध में निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत दिनांक 18.07.2024 को क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान एक टीम भोजबासा–गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था कि तापमान में वृद्धि के कारण गौमुख ग्लेशियर पिघल रहा है। नदी अपने पुराने बहाव में बह रही है, नदी का जलस्तर बढा हुआ है। अन्य किसी प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र में नहीं पाई गई है।

अतः महोदय की सेवा में रिपोर्ट प्रेषित है।

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।

**प्रतिलिपि** :– श्रीमान उप निदेशक महोदय, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी को सूचनार्थ प्रेषित।

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।